# मंत्रीमंडल में नहीं होगा फेरबदल : हरीश

**बोले सीएम**

सभी सहयोगी पूर्व की भांति ही मंत्री मण्डल में उनके साथ काम करते रहेंगे।



पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री हरीश रावत।

> तीनों सीटों पर मिली जीत से कांग्रेस को मजबूती मिली है और इससे सरकार में भी नई स्फूर्ति का संचार हुआ है। जनता ने जो विश्वास दिखाया है उस पर खरा उतरने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जाएगा।
>
> -हरीश रावत
> मुख्यमंत्री

☐खाद्य सुरक्षा योजना की जा रही है प्रभावी मॉनिटरिंग

**देहरादून।** जनता के विश्वास पर खरा उतरने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मंत्रीमंडल में किसी भी तरह का फेरबदल किये जाने से साफ इंकार कर दिया।

शपथ ग्रहण करने के बाद पत्रकारो से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जीत को पूरी विनम्रता से लेते हुए सरकार तिगुने उत्साह से काम करेगी। उनका कहना था कि जनता ने जो विश्वास दिखाया है उस पर खरा उतरने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां खाद्य सुरक्षा योजना को बेहतर बनाते हुए इसे प्रदेश में प्रभावी तरीके से लागू कर गरीबों को लाभ देने का प्रयास किया जाएगा, वहीं प्रदेश में सार्वभौम स्वास्थ्य बीमा योजना को भी लागू करते हुए हर वर्ग को इसका लाभ दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रभारी मंत्री संबंधित जिलों में 8 व 9 अगस्त को योजना की क्रियान्विति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि व बागवानी को मजबूती देने के लिए काम करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए किसान पेंशन योजना शुरू करने की योजना है। कैबिनेट में फेरबदल की चलती चर्चाओं सम्बन्धित सवाल पर उन्होंने साफ कहा कि मंत्रीमंडल में किसी तरह का कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा। उनके सभी सहयोगी पूर्व की भांति ही मंत्री मण्डल में उनके साथ काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों सीटों पर मिली जीत से कांग्रेस को मजबूती मिली है और इससे सरकार में भी नई स्फूर्ति का संचार हुआ है। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनमानस तक ले जाने का आह्वान किया, ताकि उनका लाभ उन्हें मिल सके।



## सचिवालय कूच कर रहे पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षक गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षकों ने रैली निकाल जैसे ही परेड मैदान से सचिवालय कूच करने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिस पर गुस्साये प्रदर्शनकारियो ने शासन–प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षक शासन प्रशासन की उपेक्षापूर्ण नीतियों के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को शासन प्रशासन की उपेक्षा से नाराज संविदा शिक्षकों ने परेड मैदान में एकत्र होकर रैली निकालकर सचिवालय कूच करने का प्रयास किया। इस पर यहां मौजूद भारी पुलिस बल ने उन्हें मौके पर ही रोक लिया जिसको लेकर पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोक झौंक व धक्का मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी ने कहा कि सरकार संविदा शिक्षकों के प्रति जरा भी गंभीर नहीं है और धरने पर बैठे शिक्षकों की कोई सुध नहीं ले रही है।


**Page Three Classified**

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


## लोगों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

☐प्रदर्शनकारियों को उचित कार्यवाही का दिया आश्वासन

☐खाद्यसुरक्षा योजना के राशन कार्ड ना मिलने पर किया जताया विरोध

**देहरादून।** मोथरोवाला क्षेत्र में खाद्यसुरक्षा योजना के राशन कार्ड पर राशन नहीं मिलने के विरोध में सोमवार को स्थानीय लोगों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी चंद्रेश कुमार को ज्ञापन भी दिया। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

सोमवार को मोथरोवाला के ग्राम प्रधान नवीन क्षेत्री के नेतृत्व में लोगों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। नवीन क्षेत्री ने कहा कि सभी जगह खाद्य सुरक्षा योजना के राशनकार्ड पर राशन मिल रहा है, लेकिन मोथरोवाला में अभी कोई भी राशन विक्रेता खाद्य सुरक्षा योजना का राशन जारी नहीं कर रहा है। इस कारण आए दिन कार्डधारकों और राशन विक्रेताओं के बीच तू–तू–मैं–मैं भी हो रही है। इसलिए वे मांग करते हैं कि राशनकार्डों पर राशन जारी किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में पार्वती राई, तारा देवी, शशी सेमवाल, मनकला देवी, नरेंद्र थापा, बलबीर, पवन सिंह, सरीता थापा, संगीता रावत, इरशाद अली, सारिका कांबोज, नीता रानी, रूकमणी रतूड़ी, सुरेंद्र पोखरियाल, आशीष बिजल्वाण सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



डीएम कार्यालय पर नारेबाजी करते मोथरोवाला क्षेत्र के निवासी।

## नन्दादेवी राजजात का है धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व : मुख्यमंत्री



☐आधारभूत कार्य समय से सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि राज्य सरकार श्री नन्दादेवी राजजात 2014 के सफल एवं सुरक्षित संचालन के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि राजजात समिति से समन्वय कर सभी आधारभूत कार्य समय से सुनिश्चित करा लिये जाय।

उन्होंने कहा कहा श्री नन्दादेवी राजजात का धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व है। इससे देश–विदेश से तीर्थ यात्रीगण शामिल होने आते है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास होगा कि यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय। साथ उन्होंने राजजात समिति के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि मौसम विभाग द्वारा जारी की जाने वाली चेतावनियों का भी समय–समय पर पालन किया जाय। यात्रा में कोई अव्यवस्था न हो, इसका ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि राजजात की व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों को निर्देश दिये जा चुके है। फिर भी राजजात समिति स्वंय भी निर्माण व अन्य कार्यों का अनुश्रवण करे और गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जाय। सोमवार को विधान सभा में श्री नन्दादेवी राजजात समिति के महामंत्री भुवन नौटियाल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर राजजात की व्यवस्थाओं के संबंध में एक ज्ञापन भी दिया। श्री नौटियाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि यात्रा मार्ग से संबंधित निर्माण कार्य समय पर पूरे हो, इसके लिए जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये जाय।

जिलाधिकारियों को और अधिक अधिकार दिये जाय, ताकि वे राजात यात्रा से संबंधित कार्यों को और अधिक गति से कर सके। राजजात में आने वाले यात्रियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से किया जाय। यात्रा मार्ग पर संचार तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाय। केन्द्र सरकार के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए भी समय से समन्वय किया जाय। प्रतिनिधिमण्डल में श्रीनन्दादेवी राजजात समिति के अध्यक्ष कुंवर डॉ. राकेश सिंह, प्रचार सचिव शिव पैन्यूली आदि उपस्थित थे।



## किया पौधारोपण

**देहरादून।** मैती संगठन और सर्वोदय मंडल ने विश्व शान्ति के लिए सोमवार को संयुक्त रूप से गांधी पार्क में पौध रोपण किया। दोनों संगठन ने लोगों से विश्व में शान्ति बनाए रखने की अपील की। सोमवार को गांधी पार्क में आयोजित पौध रोपण कार्यक्रम की शुरूआत एमएनए हरक सिंह रावत ने पौध रोपण कर की। पर्यावरण संतुलन और विश्वशांति के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौध रोपण करना होगा। मैती संगठन के कल्याण सिंह रावत ने कहा कि आज के दिन प्रथम विश्वयुद्ध की शुरूआत और साउथ अफ्रिका से महात्मा गांधी के भारत आगमन हुआ था। गांधी जी शांति के दूत थे तो प्रथमविश्व युद्ध ने पूरे विश्व में कोहराम मचा दिया था। इसलिए आज वे विश्व शांति के लिए पौधरोपण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में स्कूलों के जरिए पौध रोपण किया जा रहा है। इस मौके पर विजु नेगी,भूपेंद्र राणा, शैलेंद्र नेगी, बलवंत सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद हुए थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिनिधियों को तोहफा

**देहरादून।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रथम पीढी के उत्तराधिकारी उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में जहां तक बस जाती है, वहां तक जा सकते है। पहले उत्तराखण्ड राज्य की सीमा में ही निःशुल्क यात्रा कर सकते थें। इस सम्बन्ध में जारी शासनादेश में संशोधन किया जायेगा। मुख्य सचिव सुभाष कुमार ने सचिवालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिनिधियों को दिये। मुख्य सचिव ने यह भी भरोषा दिलाया कि देहरादून में नगर निगम द्वारा प्रस्तावित भूमि पर आवास बनाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों प्रथम पीढी उत्तराधिकारीको जल्द ही भूमि आवंटित कर दी जायेगी। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में यदि कोई नगर पंचायत, नगर पालिका, ग्राम पंचायत निःशुल्क भूमि देना चाहती है, तो उन्हे भी अधिकृत किया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि सेनानी सदन के लिये जो भूमि नेहरूग्राम में आवंटित की गई है।

## अराजकता फैलाने वाले की शिकायत

**देहरादून।** रंगेऊ गांव (चकराता) के ग्रामीणों ने पींगु पुत्र स्व. मनीदास की शिकायत जिलाधिकारी चंद्रेश कुमार से की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रंगेऊ गांव (चकराता) के ग्रामीण जिला मुख्यालय में एकत्र हुए, जहां उन्होंने अपनी मांगो के समर्थन में नारेबाजी की। इस अवसर पर आयोजित सभा के दौरान ग्रामीणों का आरोप है कि कोई अपना पींगु से उधर वापस मांगता है तो वो उनके साथ मारपीट और अभद्रता करता है। कई बार पींगु की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इससे ग्रामीणों में रोष है। बाद में उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात की तथा उनको समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन सौपा। इस दौरान उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। मुलाकात करने वालों में मलबर सिंह, नैनदास, विक्रम, चमन, रवजान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



नारेबाजी करते रंगेऊ गांव (चकराता) के ग्रामीण।

## समीक्षा अधिकारियों ने किया कार्य बहिष्कार

☐लंबित मांगो को पूर्ण कराये जाने के संबध में निर्णय नही लिया गया

**देहरादून।** अपनी 6 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही न होने से आक्रोशित सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया।

सोमवार को सचिवालय समीक्षा अधिकारी संघ सचिवालय परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि संघ ने अपनी छः सूत्रीय लंबित मांगो को पूर्ण कराये जाने के संबध में शासन द्वारा अधिकारियों को दिये गये अतिरिक्त समयवधि के बावजूद भी किसी भी प्रकार का निर्णय नही लिया गया, जिसके चलते अब संघ द्वारा साप्ताहिक कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

इस अवसर पर संघ से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। उधर संघ के कार्य. अध्यक्ष सतीश चंद सती ने संघ से जुड़े सदस्यों से अनुरोध किया है कि संघ द्वारा लिये गये कार्य बहिष्कार को पालन कर संघ द्वारा लिये गये निर्णयों का पालन करे।

## चिकित्सा प्रबन्धक समिति संचालक मण्डल की प्रथम बैठक आयोजित

☐दैनिक भत्ता 200 से बढ़ाकार 250 रुपये करने की दी गई स्वीकृति : जिलाधिकारी

**पौड़ी।** जिला कार्यालय पौड़ी के सभा कक्ष में जिलाधिकारी चन्द्रशेखर भट्ट की अध्यक्षता में चिकित्सा प्रबन्धक समिति संचालक मण्डल की प्रथम बैठक आयोजित हुयी। बैठक का संचालन प्रमुख अधीक्षक/सचिव चिकित्सा प्रबन्धन समिति डा0 एस0सी0 पन्त द्वारा किया गया।

संचालक मण्डल समिति की इस बैठक में जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय पौड़ी, संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली बेस चिकित्सालय श्रीकोट श्रीनगर के विभिन्न क्रियाकलापों पर समिति के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पिछली कार्यवाही के दौरान पारित प्रस्तावों का अनुपालन सम्बन्धी चर्चा विस्तार से सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने समिति की अनुशंसा पर संविदा एवं डेलीवेजेज पर कार्यरत कर्मचारियों का दैनिक भत्ता 200 रू0 से बढ़ाकार 250 रूपये करने की स्वीकृति दी गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय की भूमि पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जे को हटाने के लिये समिति की सहमति पर नायब तहसीलदार एवं राजस्व उप निरीक्षक से अस्पताल की भूमि का चिन्हिकरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को दूर करने हेतु चिकित्सा महानिदेशालय को अनुस्मारक भेजने को कहा। उन्होंने मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर उसका संज्ञान लिया जायेगा। बैठक में संचालक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये बजट प्रस्ताव किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय के लिये रू0 1 करोड़ 39 लाख 37 हजार 500 तथा महिला चिकित्सालय के लिये रू0 49 लाख 95 हजार का अनुमानित बजट पारित किया गया। इसके अलावा समिति द्वारा जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर ईंट की दीवार लगाये जाने, लेवर रुम में 24 घंटे पानी की सुचारू व्यवस्था करने तथा प्रसव एवं अन्य गाइनिक मरीजों की गोपनीयता बनाये रखने हेतु स्लाइडिंग ग्लास डुवर से प्रसव कक्ष का पार्टिशन कार्य, वाटर हीटर प्लांट को बाहर से जालीदार बनाने एवं पी0एन0सी0 वार्डों के लिए हीट पिल्लर की स्थापना के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये जिस पर डीएम ने आंगणन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने चिकित्सालयों में साफ सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिये। चिकित्सालयों में रोगियों के बिस्तर बैड गद्दे आदि की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने चिकित्सालयों के लघु निर्माण कार्यों के लिये जिला योजना के तहत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी चिकित्साधिकारियों को दिये। उन्होंने चिकित्सालयों में ऑफ रोड रोगी वाहनों को निष्प्रयोज्य किये जाने के लिये आयुक्त से सम्पर्क करने के निर्देश भी दिये।

> **किया गया बजट पारित**
>
> बैठक में संचालक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये बजट प्रस्ताव किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय के लिये रू0 1 करोड़ 39 लाख 37 हजार 500 तथा महिला चिकित्सालय के लिये रू0 49 लाख 95 हजार का अनुमानित बजट पारित किया गया।